**PERIODIC TEST - II (2025-2026)**
**SUBJECT: Hindi**
**MODEL PAPER**

**Name:**
**Class: 7**
**Time: 3 hours** **Marks: 80**

---

खंड –"अ"

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उनपर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

एक दिन सूर्य और वायु में बहस हो गई। सूर्य कहने लगा कि मै अधिक बलवान है। वायु कहने लगी कि मै अधिक बलवान हूँ | बहुत देर तक दोनों आपस में बहस करते रहे। अचानक सूर्य ने देखा कि रास्ते में एक यात्री कंबल ओढ़े चला आ रहा है। सूर्य को एक उपाय सुझा | उसने वायु से कहा, " जो इस यात्री के शरीर से कंबल उतरवा देगा, वही अधिक बलवान होगा"। वायु ने उसकी चुनौती स्वीकार कर ली। वायु ज़ोर - ज़ोर से बहने लगी। यात्री ने कंबल कसकर ओढ़ लिया | वायु और ज़ोर से बही, यात्री ने और कसकर कंबल लपेट लिया। जब वायु ने बवडर का रूप ले लिया। यात्री एक गड्ढे में कंबल ओढ़कर छिप गया। वायु ने थककर सूर्य से कहा, "अब तुम्हारी बारी है।" सूर्य ने अपनी धूप तेज़ कर दी। यात्री ने चलना जारी रखा | सूर्य ने अपना ताप और बढ़ाया, यात्री को पसीने आने लगे। सूर्य खूब ज़ोर से चमका, अब यात्री गरमी सहन नहीं कर पाया। उसने कंबल उतार दिया और पेड़ की छाया में बैठ गया। सूर्य ने वायु से पूछा, "अब बताओ, कौन अधिक बलवान है?" वायु ने हार स्वीकार कर ली |

**(क) दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़े और उचित विकल्प चुनकर लिखिए :- 2x1=2**

**(i)** बहस किनके म्ध्य हुई थी ?

(A)धूप और यात्री (B) सूर्य और वायु (C) कंबल और हवा ।

(ii) सूर्य और हवा में से कौन अधिक बलवान है?

(A) सूर्य (B) यात्री (C) हवा ।

(ख) **गद्यांश में से चुनकर रिक्त स्थान भरिए :- 3x1=3**

(i) वायु ज़ोर - ज़ोर से ________ लगी। ।

(ii) सूर्य कहने लगा कि मै अधिक ________ है।।

(iii) वायु कहने लगी कि मै अधिक __________हूँ। ।

(ग) **दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़े और उनके सामने "सही" या "गलत" लिखे :-** **3x1=3**

(i) सूर्य ने यात्री का कंबल उतरवाया । (  )

(ii) वायु ने बवडर का रूप ले लिया। (  )

(iii)सूर्य कहने लगा कि मै अधिक कमजोर हूँ । (  )

(घ) **दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़े और सही उत्तर लिखिए :-** **2x1=2**

(i) "यात्रियो" शब्द का वचन बदलिए (एकवचन में)

____________

(ii) "हवा" किस प्रकार संज्ञा है ?( व्यक्तिवाचक , जातिवाचक , भाववाचक )

_______________

**2 .निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर उनपर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

मावलिन्नांग गाँव में सुनने में आता है कि 1988 के आसपास यहाँ हर मौसम में महामारी फैलती थी , जिसके वजह से लोगों की जान भी चली जाती थी । इस समस्या से निपटने के लिए रिशोत खोंगथोरम नाम के एक शिक्षक ने लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया । स्वच्छता के लिए एक समिति का गठन हुआ । समिति की बात मानते हुए लोगों ने घरों में ही शौचालय बनाना शुरू कर दिए । आज गाँव के सभी 95 घरों में सौप्टिक पिट में डालकर खाद बनाई जाती है , अकार्बनिक कचरे को बाँस के बॉक्स में इकट्ठा किया जाता है ।

**(क) गद्यांश में से चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-** **3x1=3**

(i) 1988 में गाँव में कौन सी समस्या आई थी ?

(ii) गाँव में शौचालय कब और बनाए जाने लागे ?

(iii) गाँव में जैविक कचरे का क्या किया जाता है ?

AMRUTHA VIDYALAYA CENTRAL SCHOOL

**(ख) दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़े और उचित विकल्प चुनकर लिखिए :-** **3x1=3**

(i) 1988 में गाँव मेंमहामारी किस मौसम में फैली थी ?

(A) गर्मी के मौसम (B) बरसात के मौसम

(C) सर्दी के मौसम (D) हर मौसम में ।

(ii)गाँव में कितने घरों में सेप्टिक टैंक है ?

(A) 90 (B) 95 (C) 100 (D) 50 ।

(iii) अकार्बनिक कचरे को कहाँ रखा जाता है ?

(A) कंपोस्ट पिट में (B) बाँस कइ बॉक्स में

(C) खेतों में (D) सभी लोग ।

**(ग) गद्यांश में से चुनकर रिक्त स्थान भरिए :-** **2x1=2**

(i) मावलिन्नांग गाँव को ____________ ने “एशिया का सबसे स्वच्छ गाँव” कहा ।

(ii) यहाँ हर कोने में बाँस की _________ रखी होती है ।

**(घ) दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़े और उनके सामने “सही” या “गलत” लिखे :-**

**2x1=2**

(i) गाँव के सभी घरों में शौचालय नहीं हैं । ( )

(ii) गाँव के हर घर के सामने फूल - पौधों कइ क्यारियाँ हैं । ( )

**खंड – “ब”**

**3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए :-** **5x1=5**

(i)बंगला - (ii) मित्र - (iii) तितली - (iv) कुत्ता - (v) लड़की -

**4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :-** **5x1=5**

(i) सख्त - (ii) बड़ा - (iii) खुशी - (iv) सच - (v) दोस्ती -

**5. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :-** **5x1=5**

(i) नदी - (ii) फूल - (iii) हवा - (iv) पर्वत - (v) पानी -

AMRUTHAYA CENTRAL SCHOOL

**6.निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द को चुनकर लिखिए :-** **4x1=4**

(i) बच्चों को देखकर वह उनकी ओर लपका ।

(ii) भालू उसी की ओर बढ़ा जा रहा था ।

(iii) अब वह क्या करे ?

(iv) उसे छत पर दोबारा बाँध रहे थे ।

**7. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम - चिह्न लगाइए :-** **4x1=4**

(i) उनके लिए छत पर पानी रखेंगे

(ii) उन्हें पानी के साथ साथ दाना भी देंगे

(iii) विशाल तो अपने रास्ते चला गया पर संध्या उदास हो गई

(iv) अपने माता पिता की मदद लेंगे

**8.निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए :-** **2x1=2**

(i) सड़क (ii) बस्ती ।

**9. कोष्टक में दिए गए शब्दों की सहायता से किसी एक अनुच्छेद पूर्ण कीजिए :-**

**1x5=5**

(सम्मान ,धन्यवाद ,जीवन , मरीजों , इलाज )

डॉक्टर हमारे ________ के बड़े सहायक होते है । वे बीमार लोगों का _______करते हैं । डॉक्टर हमें स्वास्थ्य रहने की सलाह देते है । वे दिन - रात मेहनत करके ______ की सेवा करते हैं । हमें डॉक्टर का _______करना चाहिए और ________देना चाहिए ।

**खंड – "स"**

**10.निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए :-** **6x1=6**

AMRUTHAYA CENTRAL SCHOOL

(i) “धरती और मार्ग कैसे होने चाहिए ?

(ii)“धरती को हम स्वर्ग बनाएं” कविता में कवि क्या सौगंध लेने की बात कर रहे है?

(iii)हैसियत का अर्थ क्या है ?

(iv) डॉक्टर विश्‍वंभर बाबू कहाँ जा रहे थे ?

(v) डॉक्टर बाबू ने चरवाहे से क्या पूछा ?

(vi) डाकूओं का मुकाबला किसने किया ?

**11 .निम्नलिखित विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर लिखिए : 6x1=6**

(क) नीलू हिंसक पशुओं को खदेर देती थी -

(i) बच्चों के साथ मिलकर । (ii) गाँववालों के साथ मिलकर |

(iii) अकेले ही । (iv) इनमें से कोई नहीं ।

(ख) संध्या ने विशाल को अपने पिता जी का स्वभाव कैसा था ?

(i) सरल । (ii) सख्तमिज़ाज । (iii) हँसमूख । (iv) नरम ।

(ग) हमें किससे दूर रहना चाहिए ?

(i) देवों से । (ii) भाषा से । (iii) प्रकृति से | (iv) बुरी आदतों से ।

(घ) कौन झुरमुट में जाकर छिप गया था ?

(i) शंभू । (ii) बक्शी ।

(iii) बगलू । (iv) विश्वंभर ।

(ङ) किसके प्रति प्रीत बढ़ाने की बात कइ गई है ?

(i) भाषा के प्रति । (ii) देश के प्रति ।

(iii) संस्कृति के प्रति । (iv) सभी के प्रति ।

AMRUTHAYA CENTRAL SCHOOL

(च) मावलिन्नांग को और किस नाम से जाना जाता है ?

(i) भगवान का मंदिर । (ii) भगवान का महल ।

(iii) भगवान का घर । (iv) भगवान का बगीचा ।

**12. निम्नलिखित कथन किसने , किससे कहा लिखिए :- 2x2=4**

(i) "अब झटपट दवाइयों की पिटारी निकालो" -

(ii) "मैं हूँ ना , डर किस बात का" । -

**13.कोष्टक में से चुनकर खाली स्थान भरिए :- 9x1=9**

(बड़ा , नीलू , पालकी , स्वर्ग , स्वच्छ , डॉक्टर , सराइखेत , परेशानी ,बंगले)

(i) गाँव के लोग नीलिमा को _______ कहकर पुकारते थे ।

(ii) विशाल ने संध्या के घर को बहुत _____ और सुंदर बताया ।

(iii) धरती को हम _______ बनाएं ।

(iv) डॉक्टर बाबू _______ में सवार होकर सप्तग्राम जा रहे है ।

(v) ________ धरा हर मार्ग स्वच्छ हो ।

(vi) विस्वंभर बाबू ________ है ।

(vii)संध्या ने अपनी मन से अपनी _________साझा की ।

(viii) पहाड़ की तलहटी में बसा एक छोटा सा गाँव था ________ ।

(ix) संध्या के पिताजी एक ________ में काम करते थे ।

**14. दिए गए वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़े और "सही" या "गलत" लिखे :- 5x1=5**

(i) "संध्या के पापा डॉक्टर थे । (       )

(ii) विशाल ने संध्या के घर को बहुत सुंदर बताया । (       )



AMRUTHAYA CENTRAL SCHOOL

(iii) मावलिन्नांग गाँव की जनसंख्या 300 है । (          )

(iv) हर मार्ग और धरती स्वच्छ हो । (          )

(v) संध्या एक अमीर लड़की थी । (          )

AMRUTHAYA CENTRAL SCHOOL